# सामाजिक विज्ञान

## कक्षा 9

## (राजनीतिक विज्ञान)

## अध्याय 1: लोकतंत्र क्या? लोकतंत्र क्यों?




**To get notes visit our website**

**mukutclasses.in**

# अभ्यास के प्रश्न

**प्रश्न 1: यहाँ चार देशों के बारे में कुछ सूचनाएं हैं। इन सूचनाओ के आधार पर आप इन देशो का वर्गीकरण किस तरह करेंगे? इनके सामने 'लोकतांत्रिक', 'अलोकतांत्रिक' और ' पक्का नहीं ' लिखे।**

(क) **देश क: जो लीग के अधार्मिक क्रम को नही मानते उन्हें वोट डालने का अधिकार नहीं हैं।**
(ख) **देश ख: एक ही पार्टी बीते वर्षो से चुनाव जीतती आ रही हैं।**
(ग) **देश ग: पिछले तीन चुनावों में शासक दल को पराजय को मुहँ देखना पड़ा।**
(घ) **देश घ: यहाँ स्वतंत्र चुनाव आयोग नहीं हैं।**

उत्तर : (क) अलोकतांत्रिक।
(ख) पक्का नहीं।
(ग) लोकतांत्रिक।
(घ) अलोकतांत्रिक।

**प्रश्न 2: यहाँ चार देशों के बारे में कुछ सूचनाएं हैं। इन सूचनाओ के आधार पर आप इन देशो का वर्गीकरण किस तरह करेंगे? इनके सामने 'लोकतांत्रिक', 'अलोकतांत्रिक' और 'पक्का नहीं ' लिखे।**

(क) **देश च: संसद सेना प्रमुख की मंजूरी के बिना सेना के बारे में कोई कानून नहीं बना सकती।**
(ख) **देश छ: संसद न्यायपालिका के अधिकारों में कटौती का कानून नहीं बना सकती।**
(ग) **देश ज: देश के नेता बिना पड़ोसी देश की अनुमति के किसी और देश से संधि नहीं कर सकते।**
(घ) **देश झ: देश के अधिकांश फैसले केन्द्रीय बैंक के अधिकारी करते हैं जिसे मंत्री भी नहीं बदल सकते।**

उत्तर : (क) अलोकतांत्रिक।
(ख) लोकतांत्रिक।
(ग) अलोकतांत्रिक।
(घ) अलोकतांत्रिक।

MUKUTclasses

**प्रश्न 3 : इनमें से कौन-सा तर्क लोकतंत्र के पक्ष में अच्छा नहीं हैं और क्यों?**

(क) **लोकतंत्र में लोग खुद को स्वतंत्र और समान मानते हैं।**
(ख) **लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं दूसरों की तुलना में टकरावों को ज्यादा अच्छी तरह सुलझाती हैं।**
(ग) **लोकतांत्रिक सरकारें लोगो के प्रति ज्यादा उत्तरदायी होती हैं।**
(घ) **लोकतांत्रिक देश दूसरों की तुलना में ज्यादा समृद्ध होते हैं।**

उत्तर : (क) एक लोकतंत्रीय राज्य अन्य राज्य की तुलना में अधिक समृद्ध हो, ऐसा होना आवश्यक नहीं हैं। देश विदेश के लोगों की समृद्धि और खुशहाली देश के आर्थिक विकास पर निर्भर करती हैं न कि सरकार के स्वरुप पर।

**प्रश्न 4: इन सभी कथनों में कुछ चीज़े लोकतांत्रिक हैं तो कुछ अलोकतांत्रिक। हर कथन में इन चीजों को अलग-अलग करके लिखे।**

(क) **एक मंत्री ने कहा कि संसद को कुछ कानून पास करने होंगे जिससे विश्व व्यापार संगठनों द्वारा तय नियमों की पुष्टि हो सके।**
(ख) **चुनाव आयोग ने एक चुनाव क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों पर दोबारा मतदान का आदेश दिया जहाँ बड़े पैमाने पर मतदान में गड़बड़ हो गयी थी।**
(ग) **संसद में औरतों का प्रतिनिधित्व कभी भी 10 प्रतिशत तक नहीं पंहुचा हैं। इसी कारण महिला संगठनों ने संसद में एक-तिहाई आरक्षण की मांग की।**

उत्तर:
(क) (i) लोकतांत्रिक:- "संसद को कुछ कानून पास करने होंगे"।
(ii) अलोकतांत्रिक:- "विश्व व्यापार संगठन द्वारा तय नियमों की पुष्टि हो सके।

(ख) (i) लोकतांत्रिक:- "चुनाव आयोग ने एक चुनाव क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों पर दोबारा मतदान का आदेश किया जाए।
(ii) अलोकतांत्रिक:- "बड़े पैमाने पर मतदान में गड़बड़ हो गयी थी"।

(ग) (i) लोकतांत्रिक:- "इसी कारण महिला संगठनों ने संसद में एक-तिहाई आरक्षण की मांग की।
(ii) अलोकतांत्रिक:- "संसद में औरतो का प्रतिनिधित्व कभी भी 10 प्रतिशत तक नहीं पंहुचा हैं"।

**प्रश्न 5 : लोकतंत्र में आकाल और भुखमरी की संभावना कम होती हैं। यह तर्क देने का इनमें से कौन- सा कारण सही नहीं हैं?**
(क) **विपक्षी दल भूख और भुखमरी की ओर सरकार को ध्यान दिला सकते हैं।**
(ख) **स्वतंत्र अख़बार देश के विभिन्न हिस्सों में आकाल की स्थिति के बारे में खबरें दे सकते हैं।**
(ग) **सरकार को अगले चुनाव में अपनी पराजय का डर होता हैं।**
(घ) **लोगों को कोई भी तर्क मानने और उस पर आचरण देने की स्वतंत्रता हैं।**
उत्तरः (घ) लोगो को कोई भी तर्क मानने और उस पर आचरण देने की स्वतंत्रता हैं।

**प्रश्न 6: किसी जिले में 40 ऐसे गाँव हैं जहाँ सरकार ने पेयजल उपलब्ध कराने का कोई इंतजाम नहीं किया हैं। इन गाँवों के लोगों ने एक बैठक की और अपनी जरूरतों की ओर सरकार का ध्यान दिलाने के लिए कई तरीकों पर विचार किया। इनमें से कौन-सा तरीका लोकतांत्रिक नहीं हैं।**
(क) **अदालत में पानी को अपने जीवन के अधिकार का हिस्सा बताते हुए मुकदमा दायर करना।**
(ख) **अगले चुनाव का बहिष्कार करके सभी पार्टियों को सन्देश देना।**
(ग) **सरकारी नीतियों के खिलाफ जन सभाएं करना।**
(घ) **सरकारी अधिकारियों को पानी के लिए रिश्वत देना।**
उत्तर : (घ) सरकारी अधिकारियों को पानी के लिए रिश्वत देना एक लोकतांत्रिक तरीका नहीं हैं।

**प्रश्न 7: लोकतंत्र के खिलाफ दिए जाने वाले इन तर्कों का जवाब दीजिए |**
(क) **सेना देश का सबसे अनुशासित और भ्रष्टाचार मुक्त संगठन हैं इसलिए सेना को देश का शासन करना चाहिए।**
(ख) **बहुमत के शासन का मतलब हैं मूर्ख और अशिक्षितों का राज। हमें तो होशियारो की जरूरत हैं, भले ही उनकी संख्या कम क्यों न हो।**
(ग) **अगर आध्यात्मिक मामलों में मार्गदर्शन के लिए हमें धर्म-गुरुओं की जरूरत होती हैं। तो उन्हीं को राजनैतिक मामले में मार्गदर्शन का काम क्यों नहीं सौपा जाए। देश पर धर्म गुरुओं का शासन होना चाहिए।**
उत्तर :
(क) इसमें कोई शक नहीं है कि सेना देश का सबसे अनुशासित और भ्रष्टाचार मुक्त संगठन है परन्तु देश पर सेना का शासन उचित नहीं होगा क्योंकि यह लोगो द्वारा निर्वाचित नहीं है। इसके निरंकुश होने की संभावना होती है।

(ख) यह तर्क सही नहीं है कि शासन कुछ होशियार लोगों के पास होना चाहिए। इससे कुछ सत्ता कुछ गिने-चुने लोगों के हाथ में आ जाएगी जिससे बाकी लोग उपेक्षा का शिकार होंगे।

(ग) यह कहना उपयुक्त नहीं हैं कि देश पर धर्मगुरुओं का शासन होना चाहिए। लोकतंत्र में फैसले जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि लेते हैं । वे जनता के हितों की रक्षा करते हैं। परन्तु धर्मगुरुओं का शासन में धर्म विशेष के हितों का ध्यान रखेंगे।

**प्रश्न 8: इनमें से किन कथनों को आप लोकतांत्रिक समझते हैं और क्यों?**

(क) **बेटी से बाप: मैं शादी के बारे में तुम्हारी राय सुनना नहीं चाहता। हमारे परिवार में बच्चे वहीं शादी करते हैं जहाँ माँ-बाप तय कर देते हैं।**

(ख) **छात्र से शिक्षक: कक्षा में सवाल पूछकर मेरा ध्यान मत बँटाओ।**

(ग) **अधिकारियों से कर्मचारी: हमारे काम के घंटे कानून के अनुसार कम किए जाने चाहिए।**

उत्तर:

(क) यह कथन लोकतांत्रिक नहीं हैं क्योंकि बेटी को उसकी इच्छा के विरुद्ध शादी करने के लिए विवश नहीं किया जा सकता। बेटी को अधिकार होना चाहिए कि वह अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी कर सके।

(ख) यह कथन लोकतांत्रिक नहीं हैं क्योंकि छात्र विषय से संबंधित संशय को दूर करने के लिए प्रश्न पूछ रहा है। ऐसे में शिक्षक को छात्रो के प्रश्नों का निश्चय ही समाधान करना चाहिए।

(ग) यह कथन लोकतांत्रिक हैं क्योंकि कर्मचारी अपने अधिकारों की रक्षा के लिए ऐसा कर सकते हैं। कर्मचारी कानून के अनुसार निश्चित किये गए काम के घंटे कम करने की मांग कर सकते हैं।

**प्रश्न 9: एक देश के बारे में निम्नलिखित तथ्यों पर गौर करें और फैसला करे कि आप इसे लोकतंत्र कहेंगे या नहीं। अपने फैसले के पीछे के तर्क भी बताएँ।**

(क) **देश के सभी नागरिको को वोट देने का अधिकार हैं और चुनाव नियमित रूप से होते हैं।**

(ख) **देश ने अंतराष्ट्रीय एजेंसियों से ऋण लिया। ऋण के साथ यह एक शर्त जुडी थी कि सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य पर अपने खर्चे में कमी करेगी।**

(ग) **लोग सात से ज्यादा भाषाएँ बोलते हैं पर शिक्षा का माध्यम सिर्फ एक भाषा हैं, जिसे देश के 52 फीसदी लोग बोलते हैं।**

(घ) **सरकारी नीतियों का विरोध करने के लिए अनेक संगठनों ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन करने और देश भर में हड़ताल करने का आह्वान किया हैं। सरकार ने उनके नेताओ को गिरफ्तार कर लिया हैं।**

(ङ) **देश के रेडियो और टेलिविजन चैनल सरकारी हैं। सरकारी नीतियो और विरोध के बारे में खबर छपने के लिए अखबारों को सरकार से अनुमति लेनी पडती हैं।**

उत्तर :

(क) यह एक लोकतांत्रिक देश है क्योंकि सभी नागरिको को मताधिकार देना और नियमित रूप से चुनाव लोकतंत्र का प्रमुख लक्षण है।

(ख) यह देश अलोकतांत्रिक हो सकता हैं क्योंकि यहां जनता के हितों की रक्षा नहीं हो रही है।

(ग) यह एक अलोकतांत्रिक है क्योंकि नागरिको को अपनी भाषा में शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार नही हैं।

(घ) यह एक अलोकतांत्रिक देश है क्योंकि लोकतंत्र में सभी को शांतिपूर्वक विरोध करने का अधिकार होता हैं।

(क) (ड़) यह एक अलोकतांत्रिक देश हैं क्योंकि लोकतंत्र में मीडिया की स्वतंत्रता होनी चाहिए।